26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान


# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 19 नवम्बर, 2025
अंक- 26 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# कल मणिपुर पहुंचेंगे मोहन भागवत

## मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद पहला दौरा

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत कल मणिपुर पहुंचेंगे। 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से यह उनका पहला राज्य दौरा है। संगठन के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरएसएस के राज्य महासचिव तरुण कुमार शर्मा ने बताया, भागवत अपनी तीन दिन की यात्रा के दौरान नागरिकों, उद्यमियों और जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।



शर्मा ने कहा, हमारे सरसंघचालक की यह यात्रा आरएसएस की शताब्दी समारोह से जुड़ी हुई है। वह 20 नवंबर को गुवाहाटी से आएंगे और 22 नवंबर को रवाना होंगे। एक अन्य संघ पदाधिकारी ने कहा कि दो साल पहले हिंसा भड़कने के बाद यह भागवत की पहली यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने आखिरी बार 2022 में मणिपुर का दौरा किया था। शर्मा ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रमुख नागरिकों, जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों और युवा नेताओं के साथ अलग-अलग बातचीत के सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# महंत की पदयात्रा की घोषणा से संभल में सुरक्षा कड़ी

**संभल ( एजेंसी/चिंगारी )।** संभल में महंत ऋषिराज गिरि की पदयात्रा के ऐलान के बाद शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कैलादेवी मंदिर में जुटी भीड़ को रोकने के लिए लगाए गए बैरियर को महंत ने हटा दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं और साधु-संतों की संख्या मौके पर बढ़ने लगी। जिले में धारा 163 लागू होने के कारण एसपी ने जुलूस की अनुमति से इनकार किया है।



कैलादेवी मंदिर के महंत और जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में सिविल न्यायालय में दायर याचिका के वादी ऋषिराज गिरि महाराज ने आज पदयात्रा निकालने का ऐलान किया था। इसके बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर कर दी गई है। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने बैरियर लगाकर रोकने की कोशिश की लेकिन मौके पर पहुंचे महंत ऋषिराज गिरि महाराज ने उन्हें हटवाकर लोगों को मंदिर परिसर तक पहुंचने दिया।

इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साधु-संत परिसर में जुटने लगे। स्थिति को देखते हुए सीओ आलोक भाटी फोर्स के साथ कैलादेवी मंदिर पर पहुंचे। पुलिस फोर्स और पीएसी के जवान पूरी तरह मुस्तैद हैं। शहर के संवेदनशील इलाकों जामा मस्जिद, चौधरी सराय और प्रमुख चौराहों पर भी अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है।

## धारा 163 लागू, जुलूस पर रोक

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने स्पष्ट किया है कि जिले में धारा 163 लागू है, जिसके तहत भीड़ इकट्ठा करने या जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। थाना प्रभारियों और अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी में लगाया गया है। जामा मस्जिद के आसपास ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। 19 नवंबर 2024 को सिविल न्यायालय संभल में यह दावा दायर किया गया था कि जामा मस्जिद का मूल स्वरूप श्री हरिहर मंदिर था। इस दावे के एक वर्ष पूरा होने पर कैलादेवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरि ने बुधवार को पदयात्रा निकालने का आह्वान किया।

Now In Bijnor
Carrier Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
VINSUR PRODUCTS
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

# घरेलू कलह में कत्लेआम : गुरदासपुर जेल के गार्ड ने AK-47 से पत्नी-सास को उड़ाया, खुद भी की खुदकुशी

तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281
तत्सव HEALTHCARE
तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की
हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन
एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन
नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर
- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।
इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
Male and Female both can apply

**गुरदासपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्रीय जेल गुरदासपुर में निजी गार्ड के तौर पर तैनात एक पूर्व सैनिक ने अपनी सरकारी एके-47 राइफल से अपनी पत्नी और सास को गोली से उड़ा दिया। इसके बाद पुलिस से घिर जाने पर उसने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो एक पूर्व सैनिक था और वर्तमान में निजी कंपनी पैसको के तहत केंद्रीय जेल गुरदासपुर में गार्ड की ड्यूटी कर रहा था। गुरप्रीत को ड्यूटी के लिए सरकारी एके-47 राइफल जारी की गई थी। यह वारदात दोरांगला पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में स्थित गांव गुत्थी में हुई। पुलिस के अनुसार, घटना की शुरुआत घरेलू कलह से हुई। रात करीब 3 बजे, गुरप्रीत सिंह अपनी राइफल लेकर घर पहुंचा और उसने अपनी पत्नी अकविंद्र कौर और सास गुरजीत कौर पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गुरप्रीत सिंह की साली परमिन्दर कौर ने बताया कि उनकी बहन की शादी गुरप्रीत सिंह से 2016 में हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच अक्सर लड़ाई-झगड़ा रहता था। परमिंदर कौर ने गुरप्रीत को साइको किस्म का व्यक्ति बताया।

Recruitment
A Well established Pathology Lab at Bijnor Requires following Staff:-
Lab Technician - (Experience 5 years)
Computer Operator (Female) - (Experience 2 years)
Manager - (Experience 2 years)
Call on MOb. No. 8394942102
(Between 11 AM To 2 PM)

# सर्राफा व्यापारियों को जेवर हॉलमार्क व एमसीएक्स के विषय में बताया

## सेमीनार में अतिथियों को सम्मानित किया गया



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा नजीबाबाद के रॉयल होटल में सर्राफा व्यापारियों के एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिला बिजनौर के प्रमुख सर्राफा व्यवसायियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जेवर हॉल मार्क एवं एमसीएक्स के विषय में सर्राफा व्यापारियों को विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में आचार्य आरं एन केला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये गये। सभी मुख्य अतिथियों एवं जनपद से आये व्यापारियों को शॉल ओढ़ाकर, सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर तथा फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ, संरक्षक मुकुल अग्रवाल, सचिव मयंक वर्मा ने सभी आगन्तुक मेहमानों का एवं व्यापारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि व्यापारी एकता में शक्ति है, इसलिए हमें संगठित रहना है तथा किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न ऑल इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम का आयोजन ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, धनी ज्वैलर्स के मुकुल अग्रवाल तथा कुमार ज्वैलर्स के अभिनव वर्मा के द्वारा किया गया। संचालन जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं सचिव मयंक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएस देहरादून के अधिकारी श्रीकांत मिश्रा, इब्जा के डायरेक्टर मनोज पुंडीर मुजफ्फरनगर, सरदार समरपाल सिंह एमसीएक्स मुंबई तथा महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सांसद ने सत्संग में भाग लेकर महाराज के चरणों में नमन किया



सत्संग में विचार रखते सांसद चंदशेखर आजाद।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगीना लोकसभा के सांसद चंदशेखर आजाद ने नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम राजपुर नवादा में आयोजित 'संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सत्संग' में सम्मिलित होकर गुरु महाराज के चरणों में नमन किया। सांसद ने संत समाज को प्रणाम कर प्यारी संगत से आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद ने कहा कि गुरु रविदास के उपदेश हमें समानता, सेवा व मानवता के मार्ग पर दृढ़ता से चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि हम सब एकजुट रहें, नशे से पूरी तरह दूर रहें और अपने बच्चों को शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ायें। क्योंकि संत समाज व सत्संग ही हमें सही दिशा, संस्कार व सत्पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा रजत कुमार, अशोक कुमार, डॉ. मकसूद चौधरी, ललित कुमार, प्रशांत महासागर, नितीश चौधरी, भीमसेन हल्दिया, अबरार, फहीम अंसारी, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजन गौतम, विवेक सैन, रोहित सागर आदि मौजूद रहे।

## बधाई मांगने वाले नकली किन्नर की पिटाई

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम कल्हेड़ी में एक युवक किन्नर बनकर बधाई मांग रहा था। सूचना पर क्षेत्र के किन्नरों ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की। असली किन्नरों ने बताया कि युवक पिछले कई दिनों से नकली किन्नर बनकर क्षेत्र में घूमकर बधाई मांग रहा था। आगे से ऐसा न करने की हिदायत देकर युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## जलालाबाद ओवरब्रिज के ज्वाइंटों को ठीक कराने की मांग की

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान संगठन एकता के मण्डल प्रभारी मुराराबाद मौ. फुरकान खान ने एनएचएआई के पीडी को पत्र भेजकर जलालाबाद ओवरब्रिज के ज्वाइंटों को ठीक कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जलालाबाद ओवरब्रिज के ज्वाइंट बेहद खराब स्थिति में है। जिनकी रिपेयर बहुत ही जरूरी है। इस करण ओवरब्रिज से लेकर पेट्रोल पंप तक सड़क पूरी तरह टूट चुकी है तथा लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने ओवरब्रिज के ज्वाइंटों को जल्दी ठीक कराने की मांग की है।

## मक्का हादसा बहुत तकलीफ देने वाला: अबरार अहमद

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने सऊदी अरब के शहर मक्का में मदीना जाते हुए बस के दर्दनाक हादसे में मारे गये करीब 45 यात्रियों की मौत पर अफसोस जताया है। उन्होंने इस हादसे पर गहरे रंज व गम का इजहार करते हुए कहा कि यह हादसा बहुत ही तकलीफ देने वाला है। उन्होंने इस हादसे में मारे गये सभी लोगों को अल्लाह से जन्नतुल फिरदौस में जगह देने व उनके परिवारों को सबरे जमील अता फरमाने की दुआ की।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर गढ़ी निवासी अक्षय की 20 वर्षीय पत्नी काजल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। विवाहिता के मायके वालों ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर पति पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही।

### सूचना

पहले मेरा नाम Sahid था अब मैंने अपना नाम बदलकर Shahid Hasan रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना पहचाना जाये।

**– शाहिद हसन पुत्र अ. सलाम, मौहल्ला मजीदगंज, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

### सूचना

मेरे दोनों पुत्र अहमद अली उर्फ कामरान व जीशान मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है। इसलिए मैंने अपने इन दोनों पुत्रों से दिनांक 09.10.2025 को सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं तथा इन दोनों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य के लिए उत्तरदायी नहीं होऊंगा। **– अनीस अहमद पुत्र नियाज अहमद, मौहल्ला मुगलूशाह, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# किसानों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई को दिया ज्ञापन



थाना प्रभारी मंडावली को ज्ञापन देते किसान।

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रांतीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मंडावली थाना प्रभारी से मिलकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। थाना प्रभारी को दिये गये ज्ञापन में नेशनल हाईवे पर ओवरलोड वाहनों के चलने पर रोक लगाने की मांग करते हुए बताया कि ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, जिसके चलते दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने कार्रवाई का आश्वाशन दिया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, जाकिर अंसारी, डॉ. अशरफ, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इण्टर कॉलेज में मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने से आए पुलिस अधिकारी अवधेश शर्मा, पायल तोमर, महिला हेड कांस्टेबल निर्वाशी, कांस्टेबल प्रीति, राहुल के द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति शर्मा के निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को बढ़ते महिला अपराधों से बचने के उपाय व हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी दी गई। हेड कांस्टेबल निर्वाशी ने किसी भी तरह की प्रताड़ना सहन न करने बल्कि इसके खिलाफ आवाज उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को डरने की जरूरत नहीं, पुलिस उनका सहयोग करेंगी। कार्यशाला में शिक्षिका शगुफ्ता, बुशरा रहमान, फरहा, गुलिस्ता, फौजिया का सहयोग रहा।

# साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने की एसआईआर अभियान की समीक्षा



एसआईआर अभियान की समीक्षा करते चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के मोटाआम स्थित कैम्प कार्यालय पर एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष साहनपुर खुर्शीद मंसूरी ने सभासदों के साथ अभियान की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी सभासद अपने-अपने वार्डों में चल रहे एसआईआर अभियान में जनता का पूरा सहयोग कर रहे हैं। साहनपुर के बुद्धिजीवी एवं पढ़े-लिखे युवा भी सक्रिय रूप से जनता का सहयोग कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। साथ ही श्री मंसूरी ने बताया कि उनकी टीम के साथी भी अपने-अपने गांवों व नजीबाबाद शहर में एसआईआर अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अंत में अध्यक्ष नगर पंचायत साहनपुर खुर्शीद मंसूरी ने सभी सहयोगियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

# होगा समस्या का समाधान, नहटौर में चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नहटौर ( चिंगारी )**। शनिवार को होने वाले समाधान दिवस के बाद नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने एसडीएम धामपुर से वार्ता करने के बाद भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया, अभियान के लिये एसडीएम द्वारा एक मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की जायेगी।

दरअसल, भाकियू पदाधिकारियों ने मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन दिया, जिसमें नगर में बढ़ते अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या विकराल हो चुकी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। यातायात व्यवस्था ठप होती जा रही है। दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये। इस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यह मामला एसडीएम स्तर का है। उन्होंने टेलीफोन पर एसडीएम धामपुर से वार्ता कर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करने की मांग की, जिनके नेतृत्व में अभियान चलाया जा सके।

अधिशासी अधिकारी ने भाकियू वालों को बताया कि एसडीएम ने शनिवार को होने वाले समाधान दिवस के बाद अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके लिये पहले नगर में प्रचार-प्रसार किया जायेगा ताकि अभियान के दौरान कोई दिक्कत न आये। इस अवसर पर भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष तेजवीर सिंह के अलावा संजीव चौधरी, लोकेन्द्र डबास, सुनील चौधरी, अनिल चौधरी, आनंद कुमार, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )

**संख्या 12 न.पा.परि.बि./2025-26.** **दिनांक 18-11-25**

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 ( 1 )/147 ( 1 ) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-03 स्थित मौहल्ला भाटान, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री सुधीर कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रामकुमार अग्रवाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में प्रार्थिनी श्रीमती सीमा मित्तल पत्नी श्री अनुराग मित्तल मौहल्ला भाटान बिजनौर ने वसीयत (रजि.) व आई.डी.प्रूफ की छायाप्रति एक फोटो संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों ने अंकित कराने की प्रार्थना की है। अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है. उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियांद नोटिस हाज़ा किसी आपित्त पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**भवदीय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

## सूचना

मेरे आधार कार्ड जिसकी संख्या 611011603967 है, जिसमें मेरा नाम भूलवश अमीर अहमद दर्ज हो गया था, जो गलत है। जबकि मेरे समस्त प्रमाण-पत्रों एवं कागजातों में मेरा नाम नफीस है, जो सही है। भविष्य में मुझे नफीस के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

**-नफीस पुत्र जानी निवासी ग्राम पेदा उर्फ मुर्तजापुर बुलाकी थाना व शहर बिजनौर**

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

## नगरपालिका ने बनाया रैन बसेरा

**नहटौर ( चिंगारी )**। सर्दी ऋतु के चलते पालिका प्रशासन ने झील पार्क पर रेन बसेरा चालू कर दिया है, जिसमें दो कर्मचारियों को लगाया गया है। शौचालय, स्नान घर, सोने के लिए पलंग की व्यवस्था की है। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया की ठंड को दृष्टिगत रखते हुए झील पार्क पर रेन बसेरा की स्थापना की गई है, जिसमें दो शौचालय, एक स्नान घर, 10 बैड की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा 24 घंटे दो कर्मचारियों को लगाया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## महिलाएं और नदियां

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार प्रतिदिन 60 प्रतिशत से अधिक अशोधित जल भी सीधे नदियों में जाता है। सीधी सी बात है कि नदियों में बढ़ते प्रदूषण का यह स्तर न केवल नदी की जैविकी को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि आम जन-जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि भारत सरकार द्वारा नदियों के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिनमें राष्ट्रीय नदी संरक्षण, गंगा एक्शन प्लान, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे, यमुना सफाई अभियान प्रमुख हैं, किन्तु ये योजनाएँ तभी सफल हो सकती हैं, जबकि लोक चेतना और उसमें भी नारी शक्ति उससे जुड़ी हो। संभवतः इसी विचार से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस ( 8 मार्च ) के अवसर पर स्वच्छ जल शक्ति सम्मान का आरंभ किया। जिसका आदर्श वाक्य है-जीवन के लिए पानी का सम्मान। चूंकि जल प्रबंधन का कार्य घरों में महिलाएं ही संभालती हैं और जल के महत्व और उसका प्रबंधन स्त्रियां बहुत कुशलता से करती हैं, अतः जल संरक्षण का कार्य महिलाओं को सौंपा जाना सही दिशा में उठाया गया कदम है। इस संबंध में सबसे अच्छी बात यह है कि इस योजना का उद्देश्य जल संरक्षण के क्षेत्र में स्त्रियों की भागीदारी को मान्यता देना, उन्हें जमीनी स्तर से आगे लाकर राष्ट्रीय नेतृत्व से जोड़ना और इस प्रकार दूसरों को जल सुरक्षित भविष्य से जोड़ने का क्रांतिकारी विचार भी सम्मिलित है। इसी योजना के अंतर्गत महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कथन है कि देश में स्वच्छता अभियान और स्वच्छ पेय जल जैसी लोगों से जुड़ी देशव्यापी योजनाओं की सफलता में देश की महिला शक्ति की भूमिका अहम है और इस अभियान का आधार नारी है। इसी योजना के अन्तर्गत महिलाओं को प्रशिक्षित और जागरूक भी किया जा रहा है, जिसका असर जमीनी स्तर पर भी देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में भी देखें तो महिलाएं प्लास्टिक और पॉलिथीन के प्रयोग से बचने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही हैं। प्लास्टिक की बोतलें जो जल और समग्र प्रकृति के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं, महिलाएं उनसे गुलदस्ते बनाकर कर स्व-रोजगार को भी बढ़ावा दे रही हैं।

# बिहार में फिर नीतीश, पर राह नहीं आसान



▶▶ देवराज सिंह

बिहार में मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की शानदार जीत हुई है। 20 नवंबर को नीतीश कुमार 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। नीतीश कुमार ने शिक्षा, रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर कई सराहनीय कदम उठाये है। पिछले 20 सालों के नीतीश कुमार के कार्यों ने ही उन्हें 'सुशासन बाबू' की पहचान दिलायी। लेकिन अभी भी बिहार देश के पिछड़े राज्यों में ही गिना जाता है और नीतीश कुमार को बिहार के लिए अभी और मेहनत करनी ही होगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नीतीश कुमार को नए कार्यकाल में बहुत कुछ नये तरीके से करना होगा। जिससे बिहार का सामाजिक और आर्थिक भविष्य स्वर्णिम हो सके। बिहार में नई सरकार बनने के साथ ही कई नई चुनौतियां भी सामने आएगीं। नई सरकार को इन मोर्चों पर बेहतर काम करना होगा। हालांकि बिहार की युवा आबादी और बेहतर हेल्थ इंडिकेटर यह दर्शाते हैं कि उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और रोज़गार पैदा कर सरकार बिहार में बदलाव की दिशा में और बड़ी छलांग लगा सकती है।



### बढ़ता अपराध कम करने की चुनौती

बिहार में अपराध दर काफ़ी ज्यादा है। इसी के चलते बिहार पर तथाकथित तौर पर 'जंगलराज' के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि नीतीश कुमार की सरकार बनने के बाद से बिहार में अपराधों में कमी आयी है। लेकिन स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2015 से लेकर 2024 के बीच बिहार में अपराध दर में बढ़ोतरी भी काफी ज्यादा हुई है। 2022 की तुलना में साल 2023 में बिहार के अपराधों में 1.63 फ़ीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में बिहार में हत्या के लगभग 2862 केस दर्ज हुए। सरकारी अफसरों और कर्मचारियों पर हमले के केस भी बिहार से सर्वाधिक हुए हैं। 2023 में सरकारी कर्मचारियों पर 371 से ज्यादा हमले हुए। ऐसे में बिहार में नीतीश कुमार के शपथ लेने के बाद सबसे पहली चुनौती बिहार को अपराधमुक्त बनाने की होगी।

### रोकना होगा पलायन और रोज़गार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान विपक्ष ने बिहार में रोज़गार और पलायन को बड़ा मुद्दा बनाया था। बिहार के युवाओं को रोज़गार के लिए देश के दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है जोकि बिहार की एक सबसे बड़ी समस्या है। एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार में हर तीन में से दो घरों के सदस्यों को रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य में पलायन करना पड़ता है। साल 1981 में केवल 10-15 फ़ीसदी परिवार ही प्रवासी मजदूर था लेकिन 2017 तक यह आंकड़ा बढ़कर 65 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में भारत के चार सबसे बिजी अनरिजवर्ड रेल मार्ग बिहार से शुरू होने थे।

यह इस बात का प्रमाण है कि बिहार का वर्किंग फोर्स कितनी अधिक संख्या में राज्य से बाहर जा रहा है। बिहार में छोटी जोत, नौकरियों की कमी और कमजोर मैन्युफैक्चरिंग बेस की कारण ही यहां के युवाओं को आजीविका चलाने के लिए अपना घर छोड़ना पड़ता है। भारत की सर्वाधिक युवा आबादी वाले राज्यों में बिहार भी शामिल है। लेकिन यहां नौकरी के अवसर न होने के कारण रोजगार के लिए युवाओं को अन्य राज्यों की शरण लेनी पड़ती है।

### मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करना बड़ी चुनौती

बिहार में फैक्टरियों की सीमित संख्या भी इसकी धीमी गति की एक बड़ी वजह है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के कमजोर के चलते कौशल विकास धीमा है। दूसरे राज्यों की तुलना में बिहार का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर प्रदेश की जीडीपी में केवल 5 से 6 फ़ीसदी का योगदान करता है। दो दशक पहले जैसी स्थिति बिहार में अभी भी बरकरार है। जबकि गुजरात की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी 36 प्रतिशत है। बिहार की मैन्युफैक्चरिंग में ठहराव राज्य की चुनौतियों को दर्शाता है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के कमजोर होने के कारण कामकाजी उम्र के अधिकतर युवा रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की तरफ पलायन करने को मजबूर होते है।

### शिक्षा का पिछड़ापन

**बिहार में स्कूल छोड़ने वालों की दर सबसे ज्यादा है। यहां विद्यार्थियों का एक बड़ा हिस्सा मिडिल स्कूल से आगे ही नहीं बढ़ पाता। शिक्षा के पिछड़ेपन के चलते राज्य में आर्थिक ठहराव आता है। बिहार के युवा भारत की ग्रोथ स्टोरी का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। बिहार में मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से कम है। लेकिन प्रजनन दर 2.8 के ऊंचे स्तर पर है। इसके चलते राज्य के संसाधनों और सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव बढ़ता है। लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव के चलते बिहार में आबादी को जरूरी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में बिहार सरकार को बुनियादी सुविधाओं पर जोर देना होगा।**

# भाजपा ने सम्राट चौधरी को चुना विधायक दल का नेता



बिहार की सियासी गलियारे में आज बैठकों का दौर जारी है। मुख्यमंत्री आवास पर आज जदयू की बैठक हुई, जिसमें नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना गया। उधर, भाजपा के विधायकों ने सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उप नेता चुना है।

आज सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री आवास में जदयू के विधायक दल की बैठक हुई। साढ़े 11 बजे जदयू के विधायकों ने सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुन लिया है। जदयू के वरिष्ठ नेता और विधायक श्याम रजक ने कहा कि बिहार की जनता उत्साहित है, उन्होंने नीतीश कुमार अपना नेता चुना है। मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी की पहली और अंतिम पसंद नीतीश कुमार ही हैं। नई सरकार में मंत्री बनाए जाने के सवाल पर रजक ने कहा कि इसका फैसला नीतीश कुमार करेंगे। विधायक दल की बैठक से पहले जदयू विधायक मनोरमा देवी ने कहा कि यह बिहार के लिए बहुत अच्छा दिन है। हमारे अभिभावक नीतीश कुमार जी हैं और वह सभी के कल्याण के लिए काम करेंगे।

दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। भाजपा के विधायकों ने सम्राट चौधरी के विधायक दल का नेता चुन लिया है। यानी वह डिप्टी सीएम बनेंगे। वहीं विजय सिन्हा को उपनेता चुना गया है। वह भी दूसरे डिप्टी सीएम बन सकते हैं। लेकिन, दूसरे डिप्टी सीएम पद के लिए फिलहाल मंथन जारी है। भाजपा दोनों डिप्टी सीएम का पद अपने पास रखना चाहती है। इधर, 19 सीट लाने वाली चिराग पासवान की पार्टी एक डिप्टी सीएम समेत तीन मंत्री का पद चाहती है। इस मुद्दे पर भी बातचीत चल रही है।

दोपहर 3.30 बजे विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक होगी। इसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायक और नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहेंगे।

# वार्षिक खेल समारोह: दूसरे दिन भी हुईं कई प्रतियोगिताएं



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए अतिथि।



कबडडी स्टार राहुल चौधरी का स्वागत करते हुए प्रो. पारूल त्यागी

**बिजनौर (चिंगारी)।** वीरा चैरिटेबल सोसाइटी के तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह के द्वितीय दिन प्रवीण गुप्ता, मनोनीत सदस्य, प्रबंध समिति, मुख्य अतिथि राहुल चौधरी, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी, ख्याति माथुर, नेशनल लेवल हाई जंप एथलीट, विशाल माथुर, रचना माथुर, संजू शर्मा प्रेमा सत्यवीरा इंटर कॉलेज, प्रो. महेंद्र सिंह कौरव प्राचार्य, कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज की उपस्थिति में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिताओं में जूनियर बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में रक्षित चौहान ने प्रथम स्थान, माज़ ने द्वितीय स्थान व हुजेफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग 3000 मीटर दौड़ में आंचल ने प्रथम, सानिया ने द्वितीय व मोनी ने तृतीय, सीनियर बालक वर्ग 3000 मीटर में मयान कुमार ने प्रथम, अमन ने द्वितीय एवं शांतनु तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर बालिका वर्ग में राधिका प्रथम, स्वाति कुमारी द्वितीय तथा गौरी ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालक वर्ग में अर्पित धामा ने प्रथम, दीपक ने द्वितीय तथा रचित ने तृतीय, सुपर सीनियर बालिका वर्ग में पायल ने प्रथम, विकांक्षा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग में रक्षित चौहान प्रथम, लविश कुमार द्वितीय, उजेफा तृतीय स्थान, जूनियर बालिका वर्ग में गुनगुन प्रथम, आंचल द्वितीय एवं नैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में मयंक कुमार ने प्रथम, अमन द्वितीय तथा वीरा इंटर कॉलेज के ही शह आलम ने तृतीय, सीनियर बालिका वर्ग में राधिका ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय, गौरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर बालक वर्ग में लविश कुमार प्रथम, हुजैफ द्वितीय व सुफियान तृतीया स्थान पर रहे। 100 गुणा 4 रिले रेस में जूनियर बालक वर्ग में माज, कुणाल, निशांक तथा प्रसनजीत ने प्रथम, वंश कुमार, अमित कुमार, लविश कुमार तथा रक्षित ने द्वितीय, माधव, हितेश, सूर्य तथा दिव्यांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में ऊंची कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जूनियर बालक वर्ग में जय सिंह ने प्रथम, वंश वर्मा ने द्वितीय, कृष्ण सिंह ने तृतीय स्थान, जूनियर बालिका वर्ग में खुशी पाल ने प्रथम, परिचंद्र ने द्वितीय तथा शमा ने तृतीय, सीनियर बालक वर्ग में प्रियांशु ने प्रथम, सुमित चौधरी ने द्वितीय तथा पार्थ चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शॉटपुट प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में कार्तिक कुमार, वंश चौधरी तथा प्रांशु एवं जूनियर बालिका वर्ग में रिचा, सुभद्रा तथा आरुषि ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में निशंक ने प्रथम, आयुष कुमार ने द्वितीय तथा दिव्यांशु ने तृतीय स्थान, जूनियर बालिका वर्ग में रिचा ने प्रथम, मेहरूमा ने द्वितीय तथा तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# अवैध खनन में लगी जेसीबी और डम्पर प्रशासन ने सीज कर दिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र के मोटा महादेव चौकी के पास अवैध मिट्टी खनन में लिप्त खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि खनन विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे एक डंपर को मौके पर पकड़कर सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि स्थानीय नागरिकों द्वारा बताया गया कि खनन माफिया रात के अंधेरे में मिट्टी का खनन कर रहे हैं, अवैध खनन में संलिप्त दर्जनों ट्रैक्टर एवं डंपर रोज रात में गांव से शोरगुल करते और धूल उड़ाते गुजरते हैं, जिसके कारण ग्रामीण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण की पीड़ा से ग्रस्त हैं तथा खनन से भरे हुए ओवर लोडेड वाहनों के आवागमन के कारण गांव की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिला प्रशासन द्वारा उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग को तत्काल मौके पर जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान खनन विभाग की टीम को मौके पर एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर मिला। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे एक डंपर को कब्जे में लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि जिले में किसी भी अवस्था में मिट्टी आदि का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

# ब्रजबाला अग्रवाल को सम्मानित किया

**धामपुर (चिंगारी)।** अनन्त श्रीशिवशक्ति पीठ एवं संस्कारशाला आश्रम राजपूत विहार कॉलोनी पर आचार्य डॉक्टर दिनेशचन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में यह निर्णय लिया गया कि जो भी वयोवृद्ध जन धार्मिक गतिविधियों में सहयोगी रहे और अब आने-जाने में असमर्थ हैं, अपने को अकेला महसूस कर रहे हैं, उन्हें उनके पास जाकर सम्मानित किया जाए ताकि उन्हें अकेलापन महसूस न हो, उन्हें ऐसा न लगे कि आज हम असक्त हो गये तो समाज हमारी उपेक्षा कर रहा है। इसी श्रृंखला में धार्मिक गतिविधियों में समर्पित समाज सेविका ब्रजबाला अग्रवाल को उनके आवास पर सम्मानित किया गया।



# जैद, जोगेंद्र, राधिका, अनमोल व शिवानी बने चैम्पियन

## एचसीएम के मैदान में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी के विशाल मैदान में मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बीईओ प्रेम सिंह राणा एवं एचसीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती ने प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। व्यायाम शिक्षक सबील अहमद द्वारा खिलाड़ियों को आपसी प्रेमभाव व खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई। जू. स्तर बालक वर्ग में मौ. जैद व जोगेंद्र सं.वि. आसफाबाद चमन, बालिका वर्ग में राधिका सं.वि. रसूलाबाद, प्रा. स्तर पर बालक वर्ग में अनमोल प्रा.वि. रामनगर गोसाई व बालिका वर्ग में शिवानी सं.वि नारायणवाला चैंपियन घोषित हुए। सभी विजेताओं को बीईओ प्रेम सिंह राणा व उपस्थित शिक्षकों ने सम्मानित किया। शिक्षक शमीम अहमद के संचालन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बृजेश्वर सिंह, अनिल कुमार, तरुण कुमार, मुनीश कुमार, संदीप कुमार, दानिश, मनोज कुमार, राकेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, पूनम रानी आदि अनेक शिक्षकों की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।



विजेताओं संग उपस्थित बीईओ व शिक्षक मौजूद।

# धामपुर से शुरू हुई गुरु तेग बहादुर की शहीदी को समर्पित जागृति यात्रा

## ✦जिले के अनेक नगरों व गांवों से होकर गुजरेगी ✦'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के जयघोष से गूंजा वातावरण

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिन्द की चादर श्री गुरु तेगबहादुर जी, भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी, भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशाल जनजागृति यात्रा का पंज प्यारों की अगुवाई में 'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के जयघोष के साथ बाबा फौजा सिंह, ज्ञानी रघुवीर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

यात्रा के शुरू होने से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में सरबत के भले की अरदास की गई। पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुबाणी कीर्तन के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को फूलों से सुसज्जित वाहन में शोभायमान किया गया। इस यात्रा में गुरु का नगाड़ा, बाबा अजीत सिंह गतका दल, माता सुंदरी दल कीर्तनी जत्था आदि शामिल हैं। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान अमरजीत सिंह एडवोकेट, सेक्रेट्री गुरुचरण सिंह, जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, संचालक कमलजीत सिंह



जन जागृति यात्रा में शामिल पंज प्यारे।



चेयरमैन रवि चौधरी को सम्मानित करते हुए गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी।

नूर, महासचिव सुरेंद्र सिंह हुड्डा, गुरदीप रोमी, गुरचरण मोहन, पूर्व मंत्री मूलचन्द चौहान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, परवेन्दर सिंह, हरभजन सिंह अमन, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। अनेक संगठनों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।

गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभा धामपुर के तत्वावधान में निकाली जा रही यह जन जागृति यात्रा धामपुर से शुरू होकर स्योहारा, राजा का ताजपुर, ढीकली, नूरपुर, अहीरपुरा, खासपुरा, ऊमरी बड़ी, पैजनिया, हल्दौर, बिजनौर, किरतपुर, नजीबाबाद, नगीना होते हुए धामपुर गुरुद्वारा साहिब में सम्पन्न होगी। सभी स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा। इस यात्रा को लेकर सिख समाज में सभी जगह गजब का उत्साह देखने को मिला।

# बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं ने कबड्डी में फहराया परचम



**धामपुर ( चिंगारी )।** मध्य प्रदेश के बैतूल शहर में हुई अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्थानीय लाला केदान नाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज की बहन पल्लवी रानी, वंशिका राजपूत, अर्चना, परी सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल गेम्स ऑफ फेडरेशन हिमाचल में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त प्रबंध समिति ने विद्यालय आगमन पर बहनों का भव्य स्वागत किया। सभी खिलाड़ी अपना कबड्डी अभ्यास अपने कोच पूर्णिमा शर्मा के निर्देशन में करती है। विद्यालय संरक्षक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष शोभा अग्रवाल, प्रबंधिका पारुल, उपप्रबंधिका रश्मि और कोषाध्यक्ष अनीता, प्रधानाचार्या आभावती एवं रेनू अलका, पारुल, मीनाक्षी, अनीता, खुशबू, प्रियंका, मेघा, दीपिका, सरिता आदि ने बच्चों का जोरदार स्वागत किया।

# नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एसबीडी में कई कार्यक्रम हुये आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** 'नशा मुक्त भारत' अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्थानीय एसबीडी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन तथा डॉ. अर्चना कुन्तल के संयोजन व संचालन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समस्त छात्राओं में नशा मुक्ति अभियान को चलाने में अपना सहयोग देने की शपथ ग्रहण की। तदुपरांत भाषण प्रतियोगिता सहित स्लोगन व कविता आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। कु. रूपाक्षी, तनु, ऋतिका आदि छात्राओं ने नशे से होने वाली विकृतियों पर अपने विचार व्यक्त किये। कु. सानिया ने कविता प्रस्तुत की जबकि कु. अनुष्का, सफिया एवं अनु आदि ने स्लोगन के माध्यम से नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलन्द की। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य व तरक्की युवाओं पर निर्भर होती है। यदि हमारी युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चलने लगेगी, तो उनका ही नहीं बल्कि देश का भविष्य भी अंधकार में चला जायेगा। इस अवसर पर डॉ. रेनू सिंह, डॉ. पूनम रानी, डॉ. मीनाक्षी, कु. नगमा परवीन, श्रीमती प्रियंका जैन, चन्द्रभान, अमित आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहे।

# नहटौर फाटक पर चल रहा काम, जैतरा फाटक पर लग रहा जाम

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर रेलवे फाटक पर मरम्मत का कार्य 12 नवम्बर को शुरू हुआ था जो 15 नवंबर तक पूरा होना था। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने बताया था कि 15 नवंबर को शाम छह बजे तक फाटक बंद रहेगा। परंतु आज 19 नवंबर तक भी मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हुआ है जिस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वह जैतरा रेलवे फाटक से होकर गुजर रहे हैं। नहटौर रेलवे फाटक बंद होने के कारण जैतरा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन शाम को दो ढाई घंटे का जाम लगा रहता है जिस कारण दुकानदारों और वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कल मंगलवार की शाम जैतरा रेलवे फाटक पर लगभग ढाई घंटे का जाम लगा रहा। नहटौर रेलवे फाटक नगर में रोडवेज व स्टेशन की ओर से नहटौर रोड, एसडीएम व सीओ कार्यालय, तहसील परिसार, बिजली विभाग आदि को जाने वाला मुख्य मार्ग है। रोजाना हजारों लोग यहां से गुजरते हैं। फाटक बंद होने पर लोगों को नगीना चौराहा से होकर ओवर ब्रिज से नहटौर रोड, गांव जैतरा और एसडीएम कार्यालय व तहसील जाना पड़ रहा है। हालांकि साईकिल सवार और पैदल यात्री तो गेट पार करके यहां से निकलते रहे हैं।



### 20 नवंबर तक पूरा हो जाएगा कार्य

**धामपुर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ने बताया कि नहटौर रेलवे फाटक पर मरम्मत का कार्य अभी चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्य कल 20 नवंबर तक पूरा हो जाएगा उसके बाद यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे फाटक को पहले की भांति ही खोल दिया जाएगा।**

# डीरेगुलेशन प्रक्रिया : लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश

**नैनीताल ( चिंगारी )।** सूबे के मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ डीरेगुलेशन (विनियमन मुक्ति) के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने प्राथमिक क्षेत्रों में डीरेगुलेशन से संबंधित आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन बिंदुओं पर विभागीय स्तर पर डीरेगुलेशन की कार्रवाई पूर्ण हो सकती है उसका नोटिफिकेशन जारी करें तथा जिन प्रकरणों को कैबिनेट स्तर से संशोधित किया जाना है उसका विवरण तैयार करें। साथ ही भारत सरकार को प्रेषित किए जाने वाले विवरण को भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने डीरेगुलेशन की प्रक्रिया में लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि राज्य में व्यवसाय और उद्योगों को और अधिक बढ़ावा मिल सके। गौरतलब है कि डीरेगुलेशन प्रक्रिया के अंतर्गत सरकारी नियमों और नियंत्रण को मिनिमाइज किया जाता है। सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पहल के माध्यम से प्रतिस्पर्धा, दक्षता और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि अर्थव्यवस्था में निवेश में तेजी आए तथा व्यापार करने में अधिक सरलता हो।



# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अनाधिकृत ढांचे तीन माह में ध्वस्त किये जायें

## पेड़ों की कटाई और अनाधिकृत निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

**नितिन दिनेश कौशिक**

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई और अनाधिकृत निर्माण के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को कड़े निर्देश जारी किए हैं।**

सोमवार को मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य सरकार को कॉर्बेट में हुए पारिस्थितिक नुकसान की मरम्मत और पुनर्बहाली के लिए तत्काल प्रभाव से कदम उठाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मौजूद सभी अनाधिकृत ढांचों को तीन महीने के भीतर ध्वस्त किया जाए। इस कार्रवाई में अधिकारी शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की सलाह से काम करेंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीईसी राज्य सरकार द्वारा तैयार की जाने वाली पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना योजना की निगरानी करेगी। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि अवैध पेड़ कटान की पूरी भरपाई राज्य सरकार द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पर्यटन को बढ़ावा देना है, तो यह केवल इको-टूरिज्म के दायरे में ही होना चाहिए। कोर्ट ने तीन महीने के भीतर टाइगर कंजर्वेशन प्लान तैयार करने का आदेश भी दिया। साथ ही कोर एरिया में कार्यरत कर्मचारियों के लिए विशेष प्रावधानों को लागू करने पर भी जोर दिया गया। पीठ ने टाइगर सफारी से जुड़े नियमों को 2019 के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने और सफारी के समीप बचाव केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये। इन केंद्रों में उपचार एवं देखभाल की व्यवस्था होनी चाहिए तथा सफारी क्षेत्र में वाहनों की संख्या को नियंत्रित करने पर भी बल दिया गया।


निर्माणाधीन बाड़ा फाइल फोटो

**क्या है पूरा मामला :** जुलाई 2021 में कोटद्वार से करीब 30 किमी. दूर पाखरो रेंज में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट 'टाइगर सफारी' का निर्माण बिना अनुमति किया जा रहा था। इसी दौरान 12 पुलों का निर्माण कराए जाने और हजारों पेड़ों का अवैध कटान होने की शिकायत एक अधिवक्ता द्वारा हाईकोर्ट में की गई थी। शिकायत के बाद एनटीसीए की तीन सदस्यीय टीम ने पाखरो और मोरघट्टी क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुईं। नवंबर 2021 में वन विभाग ने मोरघट्टी वन विश्राम गृह परिसर में निर्माणाधीन चार अवैध भवनों को जेसीबी की मदद से ढहा दिया था। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) की रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि पाखरो रेंज में टाइगर सफारी के नाम पर छह हजार से अधिक पेड़ काटे गए और भारी वित्तीय अनियमितताएं हुईं। इस मामले में कई अधिकारी जेल भी जा चुके हैं।

### सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन होगा- सिन्हा

इस संबंध में वन मंत्री सुबोध उनियाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तब उनका फोन पीए धर्मेंद्र कुमार ने उठाया। पीए ने मंत्री की व्यस्तता का हवाला देते हुए बाद में संपर्क करने की बात कही, जिसके चलते मंत्री की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। वहीं प्रमुख वन संरक्षक (पीसीसीएफ) उत्तराखंड समीर सिन्हा ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सभी आदेशों का पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाएगा।

## हल्दौर ग्रुप ऑफ कालेजेज में हुई फ्रेशर पार्टी

# तनिष्का मिस और जुबैर चुने गये मिस्टर

**हल्दौर ( चिंगारी )।** स्व.श्री दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति द्वारा स्थापित हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेजेज हल्दौर में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें तनिष्का राजपूत और मौहम्मद जुबैर मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर चुने गए। सर्वप्रथम महाविद्यालय अध्यक्षा श्रीमती सुमित्रा देवी एवं श्रीमती कृष्णा देवी, रितेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सृष्टि चौधरी एवं वंशिका चौधरी द्वारा किया गया। फ्रेशर्स पार्टी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक गेम्स रैम्प वॉक, नृत्य, गायन आदि का आयोजन किया गया। इसमें कु.तनिष्का राजपूत और मौहम्मद जुबैर मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर चुने गए, वहीं आकांक्षा और अब्दुल रहमान मिस रैंप वॉक व मिस्टर रैम्प वॉक रहे। सर्वोत्तम परिधान प्रतियोगिता में वंशिका चौधरी प्रथम स्थान पर रही। नृत्य में श्रीयांक्षी एवं गायन में नसरा हाशमी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशुतोष नागर, सतविंदर गुजराल और सतनाम सिंह ने मंच की शोभा बढ़ाई। महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने फ्रेशर्स का स्वागत करते हुए कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं हम आपको सर्वोत्तम शिक्षक, संसाधन व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से सुसज्जित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे ताकि आप इस चुनौती पूर्ण दुनिया के लिए अपने जीवन और कैरियर को आकार दें सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. योगेंद्र त्यागी सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# अभी तक बीएलओ के दर्शन नहीं हुये - काजी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिन्तक क़ाज़ी ज़ियाउर्रहमान ने एसआईआर में बीएलओ द्वारा की जा रही मनमानी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा एसआईआर विगत 4 नवम्बर 2025 से चल रहा है, लेकिन अभी तक बहुत बूथों पर बीएलओ के दर्शन तक नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि मौ. बख्शीवाला वार्ड नं. 13 नगर पालिका परिषद बिजनौर के बूथ नं. 329 पर 997 वोट हैं, लेकिन अभी तक कोई बीएलओ यहां प्रकट नहीं हुआ, जबकि उच्च अधिकारियों से लगातार बताया जा रहा है। 15 दिन बीत जाने पर भी रोज आजकल का आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी महोदया का ध्यान दिलाते हुए कहा कि बूथ नं. 329 पर बीएलओ को नियुक्त करायें।

# गैंगस्टर एक्ट में आजाद को दो साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) तालेवर सिंह ने गैंग बनाकर चोरी जैसे अपराध करने के मामले में आजाद पुत्र मसीत निवासी मोहल्ला इस्लामनगर थाना हल्दौर को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाते हुए दो वर्ष की कैद और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सलीम अख्तर के अनुसार थाना कोतवाली शहर के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि आरोपी सरताज और आजाद ने गैंग बना रखा है। वह आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए चोरी जैसे संगीन अपराध करते हैं। इस मामले में आजाद ने अपनी पत्रावली अन्य से अलग कर शीघ्र सुनवाई की मांग की जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने आजाद को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

# खाप पंचायत में शिरकत की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुजफ्फरनगर के ऐतिहासिक गांव शोरम में आयोजित सर्वजातीय सर्वखाप महासम्मेलन के तीसरे दिन सर्वखाप को मढ़ने में अपना पूरा जीवन लगाने वाले सर्वखाप मंत्री चौधरी कबूल सिंह के जन्मदिन पर आयोजित हवन यज्ञ में बिजनौर के भाकियू पदाधिकारियों ने आहुति दी और कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। महासम्मेलन के तीसरे दिन बिजनौर से भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी मुनेंद्र काकरान, ठाकुर हर्षवर्धन सिंह, आशु चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष स्योहारा गजेन्द्र सिंह टिकैत, शुभम चौधरी, नागेंद्र सिंह उर्फ राजा, कपिल चौधरी, रोहित राणा, अरुण नेताजी, अमित मान, बंटी चौधरी, इंतजार मंसूरी, पर्व काकरान, अंकित चौधरी, तन्मय सिंह आदि खाप पंचायत में उपस्थित रहे।


टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए भाकियू पदाधिकारी।

# गणना प्रपत्र भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को उपलब्ध करा दें!

## डीएम की मतदाताओं से अपील

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में 4 नवंबर से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति का कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों/ मतदाताओं से अपील है कि अपने से संबंधित गणना प्रपत्र को भरकर यथाशीघ्र संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि अगर किसी मतदाता को गणना प्रपत्र एक से अधिक स्थानों के प्राप्त हुये हैं तो उक्त मतदाता द्वारा केवल एक ही गणना प्रपत्र भरा जायेगा। उन्होंने आयोग द्वारा निर्देशों के अनुपालन में समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 25 नवंबर तक अपने-अपने बूथों से संबंधित मतदाताओं के कम से कम 60 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन/ डिजिटाइज का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के लिए आयोग की बेवसाइट पर वर्ष-2003 की निर्वाचक नामावली को डाउनलोड कर अपना नाम देखें जाने तथा इसके साथ ही गणना प्रपत्र को ऑनलाइन भी भरे जाने की सुविधा प्रदान की गयी है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि वह स्वयं भी ऑनलाइन एसआईआर के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई वेबसाइट्स पर अपने आवेदन पत्रों में निर्धारित जानकारियां भरकर खुद भी अपलोड कर सकते हैं।

# सरदार पटेल की जयंती पर किरतपुर में निकली शानदार एकता यात्रा

## लोगों में चढ़ा देशभक्ति का पारा, नारों से गूंज उठा शहर सारा



**किरतपुर (चिंगारी)।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र नगीना के अंतर्गत आने वाले नगर किरतपुर में मंडल अध्यक्ष भाजपा गौरव पाराशर एवं ब्लॉक प्रमुख किरतपुर अंकित चौधरी के नेतृत्व में विशाल एकता यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर में देशभक्ति और एकता का ऐसा उत्साह देखने को मिला कि हर गली-हर चौक सरदार पटेल के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा में विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चे शामिल हुए। इनमें सत्यवती मेमोरियल एकेडमी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, श्री देवा शंकर विद्या मंदिर, मदनी इंटर कॉलेज, मुस्लिम इंटर कॉलेज, श्री नारायणदास रस्तौगी इंटर कॉलेज, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, मौलाना जौहर अली डिग्री कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने तिरंगे और सरदार पटेल की तस्वीरें लेकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुभारंभ हिंदू इंटर कॉलेज से हुआ। मार्ग में हरिहर मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद यात्रा अंबेडकर चौराहा, मुख्य बाजार, रामलीला ग्राउंड होती हुई अंत में श्री देवा शंकर विद्या मंदिर पहुंचकर भव्य रूप से संपन्न हुई। रास्ते भर नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहें के नारे गूंजते रहे। एकता यात्रा के समापन पर मुख्य अतिथि सांसद हाथरस अनूप प्रधान (पूर्व राज्यमंत्री) ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर ओजपूर्ण उद्बोधन दिया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद नगीना डॉ. यशवंत सिंह ने की। उन्होंने किरतपुर मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर सहित पूरी विधानसभा नगीना टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया। एकता यात्रा में जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, जिला महामंत्री विनय राणा, डॉ. बीरबल बिजनौर, क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख रजनी कालरा, सोशल मीडिया प्रमुख लोकसभा नगीना अनुज, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सोनू वर्मा, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण किरतपुर जितेंद्र मलिक, नगीना मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल, महेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, नगर महामंत्री किरतपुर शिवम सिंघल, बृजमोहन सिंह, नगीना महामंत्री सचिन शर्मा, रोहित रवि नगीना, मंडल उपाध्यक्ष सूरज वाल्मीकि, रवि प्रजापति, अशोक चौधरी, विकास राजपूत, अवनीश राठी, विकास चौहान, आकाश जैन, एडवोकेट रामगोपाल, रुक्मणी कश्यप, नीरू कश्यप, गौरव कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, सेक्टर संयोजक बीरबल प्रधान, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीना राणा, जिला मंत्री मोनिका कालरा, किसान मोर्चा अध्यक्ष नवनीत राजपूत, युवा मोर्चा महामंत्री सुशांत राजपूत, अमित एडवोकेट, राहुल सिंघल, दीपक अरोड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष डॉ. अमजद, फिरोज कादरी, शमीम अहमद, रशीद अहमद, अजीम अहमद, यशपाल तोमर, घसीटा सिंह तोमर, मगनसिंह सहित नगर के हजारों गणमान्य नागरिक एवं आमजन उत्साहपूर्वक शामिल रहे।

> *यह एकता यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सरदार पटेल के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने का जीवंत प्रमाण बन गई। एकता यात्रा में उपस्थित लोगों ने सिद्ध कर दिया कि जब बात देश और एकता की आती है, तो जाति-मजहब से ऊपर उठकर सभी एक हो जाते हैं।*

## बाल विज्ञान प्रदर्शनी में एचएमआई की छात्राओं ने प्रथम स्थान पाया



**नहटौर (चिंगारी)।** सीडी इंटर कॉलेज हल्दौर में चल रही जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में एचएमआई इंटर कॉलेज नहटौर की छात्राओं ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एचएमआई इंटर कॉलेज नहटौर की कक्षा 8 की छात्रा जोया परवीन पुत्री अतीक अहमद निवासी मोहल्ला शेखान ने उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने यह मॉडल कॉलेज प्रधानाचार्य सैयद बिलाल अहमद ज़ैदी के निर्देश पर गाइड टीचर सैयद जुहैब हैदर ज़ैदी के मार्गदर्शन में तैयार किया। सहयोगी छात्रा आसिया पुत्री लईक अहमद निवासी नौधा तथा शिबरा पुत्री शमशाद अहमद मोहल्ला नौधा का विशेष सहयोग रहा। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सैयद बिलाल अहमद ज़ैदी ने सभी छात्राओं का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया, साथ ही मार्गदर्शक शिक्षक सैयद जुहैब हैदर ज़ैदी की खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर अलीम अहमद, महमूद अहमद, खान कसीम अहमद, नौशाद अहमद, अफजाल अहमद आदि उपस्थित थे।

## बाल ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई



**चांदपुर (चिंगारी)।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शिवसेना संस्थापक बाला साहेब बाल ठाकरे की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। ग्राम बागड़पुर स्थित शिवसेना के क्षेत्रीय कार्यालय पर सोनू चौधरी की अध्यक्षता एवं व शोभित गुर्जर के संचालन में आयोजित बैठक शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि हिंदू राष्ट्र का सपना बाला साहेब ठाकरे ने हिंदुओं को दिखाया और कहा कि जिस दिन हिंदू अपने धर्म के लिए जाग गया, उसी वक्त संपूर्ण भारत हिंदू राष्ट्र स्वयं घोषित हो जाएगा। हिंदू की रक्षा के लिए, भारतीय संस्कृति की सुरक्षा, गौ माता की रक्षा एवं किसानों व मजदूरों के लिए संघर्ष करने का सभी शिवसैनिकों ने प्रण लिया। इस अवसर पर कमल प्रजापति, शोभित गुर्जर, संदीप बिल्ल, रानू ठाकुर, डॉक्टर पुलकित शर्मा, महेश शर्मा, उदय राज रवि, जगपाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## बाल दिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम



**बिजनौर (चिंगारी)।** आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही मनपसंद व्यंजन बनाकर मेले में स्टाल लगाए गए। प्रबंधक विजेंद्र सिंह, अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, पत्रकार आलोक भारद्वाज एवं प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा रानी ने छात्राओं की कला की जमकर प्रशंसा की। बाल दिवस पर छात्राओं द्वारा गायन, भाषण एवं सुंदर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को अनुशासन, शिक्षण कार्य, उपस्थिति एवं उनकी कार्य कुशलता के लिए प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

## संजय शर्मा व डा. सत्येन्द्र को सम्मानित किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा मुरादाबाद मंडल द्वारा विगत 9 नवंबर को आयोजित मंडलीय सम्मेलन में बागेश नंदन कौशिक को प्रदेश सचिव, संजय शर्मा एडवोकेट को मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष एवं डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस को बिजनौर का जिला अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में बिजनौर जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने रविवार 16 नवंबर को आर्य समाज बिजनौर के सभागार में ब्राह्मण समाज की बैठक बुलाकर कार्यकारिणी गठित करने पर सुझाव लिए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुबोधचंद शर्मा एवं संचालन राकेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विप्र बंधुओं ने संजय शर्मा एडवोकेट एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के मनोनयन पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पंकज भारद्वाज ने कहा कि हमें मासिक बैठकों के आयोजन पर यज्ञ एवं पूजा-पाठ आदि भी करने चाहिए ताकि ब्राह्मण समाज और अधिक जागरूक हो सके। अन्य वक्ताओं में मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्री डॉ. यतेंद्र शर्मा, पंडित राजेंद्र शर्मा, डॉ. रोशन लाल शर्मा, पत्रकार अवनीश गौड़, आलोक भारद्वाज, सुनील शर्मा, अजय वशिष्ठ, महेशचंद शर्मा, डा. दीपक शर्मा, वीरेंद्र शर्मा,अम्बरीष शर्मा, गणेश ठाकुर एडवोकेट, अनुपम शर्मा, रामप्रीत आदि ने ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के लिए अधिक से अधिक बैठकों के आयोजन और संपर्क अभियान पर जोर दिया।

# मदरसे के 4 हाफ़िज़-ए-कुरआन की हुई दस्तारबंदी

## मदरसा दारुल फ़ुनून के ज़ेर-ए-अहतमाम हुआ इजलास-ए-आम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पीर की रात मदरसा इस्लामिया अरबिया दारुल फुनून सीरवासुचंद के जेर-ए-एहतमाम इजलास-ए-आम का इनअकाद किया गया। मौलाना शफीक अहमद कासमी की सदारत व मुफ्ती जुबैर आलम की निजामत में मुनअकिद इस इजलास का आगाज कारी ममशाद आलम की तिलावत-ए-कुरआन व मौलाना सलमान की नाते पाक से हुआ। प्रोग्राम में कुरआन हिफ्ज मुकम्मल कर चुके मदरसे के 4 तलबा मौ. हमजा, मौ. ओवैस, मौ. अब्दुल्ला व मौ. जैद की दस्तारबंदी की गई। जलसे में मौजूद गांव व इलाके के तमाम लोगों को खासतौर से खिताब करते हुए मुफ्ती रिफाकत हुसैन ने तालीम पर खासतौर से जोर दिया और कहा कि हर एक शख्स को चाहिए कि वह अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी तालीम दिलाए। उन्होंने मुसलमानों से कहा कि वह अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ साथ दीनी तालीम जरूर दिलाएं। उन्होंने लोगों से प्यार-मोहब्बत के साथ रहने, अपनी अपनी हैसियत के मुताबिक



दस्तारबंदी के दौरान मौजूद तलबा।

एक-दूसरे की मदद करने, एक दूसरे के साथ अच्छे अखलाक से पेश आने, अपने मुल्क-ओ-मिल्लत से मोहब्बत करने की भी खासतौर से नसीहत की। आखिर में मुफ्ती ओवैस कासमी व अराकीन-ए-कमेटी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इजलास में मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती वसीम, कारी अंजार, सिराजुल हक ठेकेदार, इकराम अली, महशर अली, महबूब आलम, मौ. अशरफ, असगर अली, शमशाद अहमद, गुलफाम टेलर वगैरा की मौजूदगी काबिल-ए-जिक्र रही।

# लंबी कूद में सुशांत व धमिया प्रथम रहे

**नहटौर ( चिंगारी )।** साईं मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। सीनियर वर्ग में लंबी कूद में बालक वर्ग में सुशांत कुमार अर्थ हाउस प्रथम, बालिका वर्ग में धमिया चौधरी प्रथम मास हाउस रहे। प्रतियोगिता संयोजक पंकज चौधरी ने बताया कि दूसरे दिन लंबी कूद में सीनियर वर्ग में सुशांत कुमार प्रथम अर्थ हाउस, कृष्ण त्यागी यूरेनस हाउस द्वितीय व बालिका वर्ग में धमिया चौधरी प्रथम, पल्लवी अर्थ हाउस द्वितीय, जूनियर बालिका वर्ग में अमिरा अर्थ हाउस प्रथम, आफिया द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सुनील त्यागी, प्रधानाचार्य कंचन शर्मा, रुक्मेश चौहान, मोहित बक्शी, फैजान अंसारी, शुभम राणा, दिनेश शर्मा, पंकज कुमार विश्वकर्मा, दीपक बब्बर, अभिषेक सिंह, अंकित शर्मा, नवेद इकबाल, रिंकूल चौधरी, केशव सिंह, दीपेंद्र आर्य, अमजद हुसैन, अंजू रानी, अर्चना चौधरी, आदिति गोयल, शालिनी एनम, रश्मि वर्मा, ऑफिस हुसैन, एकांत सिंह, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मंगलमय हो मिलन तुम्हारा...

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सुनील गम्भीर एवं श्रीमती ललिता गम्भीर के सुपुत्र चि. उज्जवल का शुभ विवाह नई दिल्ली निवासी श्री अश्वनी शर्मा व श्रीमती राजेश शर्मा की सुपुत्री आयु. रिया के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गम्भीर परिवार द्वारा मंगलवार को आयोजित रिसेप्शन पार्टी में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति नवदम्पत्ति को अपना आशीर्वाद देने पहुंचे। सुनील गम्भीर व उनकी धर्मपत्नी ललिता गम्भीर बड़े भाई परवीन गम्भीर व छोटे भाई अनिल गम्भीर सहित गम्भीर परिवार के सभी सदस्यों ने आगुन्तकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। चिंगारी परिवार नव युगल के दीर्घ एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन इकाई जनपद बिजनौर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा महासचिव सुरेंद्र पाल सिंह, संरक्षक डॉक्टर सुनील राजपूत, संरक्षक एस के बबली संरक्षक देवेंद्र चौहान, योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार, श्रीमती सुनीता, अनंत कुमार, राजवीर सिंह एडवोकेट, सोमदत्त शर्मा एवं योगी अनंतयोग एवं बैलेंस सेंटर थाने के सामने बिजनौर मैनेजर संजीव कुमार, कुलदीप सिंह एडवोकेट के द्वारानिशुल्क प्राकृतिक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मिट्टी चिकित्सा, स्टीम बाथ एक्यूप्रेशर चिकित्सा, मसाज चिकित्सा, आहार परिवर्तन के द्वारा रोगियों की चिकित्सा की गई। श्री एस के बबली एडवोकेट ने अपने संबोधन मे कहा कि दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन पाने के लिए हमें पुरानी भारतीय संस्कृतिभारतीय खानपीन और प्राकृतिक चिकित्सा पर आना होगा।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र हल्दौर, जिला बिजनौर**

पत्रांक/बेसिक/ख.शि./806-10/2025-26 दिनांक 12-11-2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र हल्दौर के पांच परिषदीय विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 21-11-2025 को प्रात: 11 बजे उनके मूल विद्यालयों में होनी है। जर्जर भवन उ.प्रा.वि. पृथ्वीपुर, उ.प्रा.वि.गंज, प्रा.वि. गंज -2, उ.प्रा.वि. जलालपुर छोईया, समग्र वि. शरीफपुरमान। नीलामी की शर्ते विद्यालयों में आकर प्राप्त की कर सकते हैं।

**आज्ञा से:- खण्ड शिक्षा अधिकारी,**
**हल्दौर ( बिजनौर )।**

# पंचायतघर बना कूड़ादान, किसी का नहीं इधर ध्यान



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय हीमपुर दीपा प्रथम के एक छोर पर बना प्राचीन पंचायत घर का भवन कूड़ा दान बनकर रह गया है जो कभी भी स्कूली बच्चों के लिए खतरे का सबब बन सकता है इस पंचायत घर भवन का निर्माण सन 1957 में उस समय कराया गया था जब दूर-दूर तक क्षेत्र में कोई विद्यालय नहीं था। प्रारंभिक काल में पंचायत घर भवन में ही कक्षाओं का संचालन किया जाता था जिसमें रतनपुर खुर्द, हीमपुर दीपा, अजुपुरा जट, टूंगरी, औंधा, मारुफपुर आदि गांवों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते थे। शिक्षा विभाग की मंजूरी के बाद विद्यालय भवन का निर्माण हो जाने से पंचायत भवन लावारिस बनकर रह गया। जिम्मेदार लोगों की अनदेखी के चलते पंचायत भवन की दीवारों का प्लास्टर उखड़ने लगा और खिड़की दरवाजे टूटकर बिखर गए। शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत भी उसे अपनाने को तैयार नहीं। अब हालात यह है कि वह कूड़ेदान के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। वहां कुत्ते बिल्ली आदि खतरनाक जीव जंतुओं का रैन बसेरा रहने लगा है। अगर यही स्थिति चलती रही तो कभी भी विद्यालय में विकट समस्या का सामना करना पड़ सकता है। खंडहर बन चुके प्राचीन पंचायत घर के भवन में गंदगी के अंबार लगे हैं जिससे स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# नेशनल हाईवे पर भिड़ गये दो कंटेनर, घायल हुए दोनों के ड्राइवर



दुर्घटना स्थल पर मौजूद पुलिस।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर हुई वाहनों की भिंड़त में दो चालक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर मनोकामना मंदिर के निकट धामपुर की ओर से आ रहे एक डंपर ने अचानक ब्रेक मार दिये, जिससे उसके पीछे आ रहे दो कंटेनर अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। इस हादसे में दोनों कंटेनरों के चालक जनपद हरदोई निवासी अशफाक अहमद व अब्दुल सत्तार घायल हो गए और हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। अशफाक अहमद ने बताया कि एक डंपर तेज गति से ओवर टेक करके उनके आगे आया और उसने अचानक तेज ब्रेक लगा लिये, जिससे पीछे चल रहा कंटेनर उससे टकरा गया और पीछे आ रहे दूसरे कंटेनर की भी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक डंपर लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाइवे पर यातायात बहाल करा दिया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये वकीलों ने जजी चौक पर लगाया जाम

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव पर जानलेवा हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जजी चौक पर जाम लगाकर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने जाम स्थल पर पहुंचकर हमलावरों की गिरफ्तारी शीघ्र करने का आश्वासन दिया, जिस पर अधिवक्ताओं ने पुलिस को 24 घंटे का समय देते हुए एक घंटे बाद जाम खोला।**

उल्लेखनीय है कि जिला बार के सयुक्त सचिव अंकुर गौर व उनके परिजनों पर 16 नवंबर को जानलेवा हमला किया गया था। कोतवाली शहर पुलिस ने इस मामले में उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज न करके मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया और मुलजिमान की गिरफ्तारी भी नहीं की, जिससे अधिवक्ताओं में तीव्र रोष है। आज सुबह जजी खुलते ही अधिवक्ता जिला बार हॉल में इकट्ठा हो गए, जहां अध्यक्ष यशपाल सिंह की अध्यक्षता एवं सचिव विशाल अग्रवाल के संचालन में मीटिंग का



आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने जिला बार के संयुक्त सचिव अंकुर गौर व उसके परिजनों पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमलावरों को गिरफ्तार न करने पर पुलिस के प्रति तीव्र आक्रोश व्यक्त किया तथा जजी परिसर में कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया, इसके बाद आक्रोशित अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए जजी चौराहे पर पहुंचे और जाम लगा दिया। धरना स्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह एवं कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी पहुंचे और आक्रोशित अधिवक्ताओं को शांत किया तथा गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का समय मांगा। अधिवक्ताओं ने अल्टीमेटम दिया कि अगर 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की तो चक्का जाम किया जाएगा। जाम लगाने वाले अधिवक्ताओं में जिला बार अध्यक्ष यशपाल सिंह, सचिव विशाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एसके बबली, निरंकार सिंह, निपेंद्र, आशीष तोमर, मनोज सेठी, अनिल चौधरी, सौरभ लवली, सचिन, संजीव चौधरी, अशोक पाल, अंकित चौधरी, अंबिका राणा, अतुल सिंह, रजनीश आर्य, मुदित गुप्ता, रोहित सिंह, जीशान, फहीम, करतार सिंह, आलोक गोविल सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अंधेरी रात जल्द ख़त्म होगी- सुफ़ियान

## आज़म खान को परेशान करने का आरोप लगाया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुफियान कुरैशी ने अफजलगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में सपा के सीनियर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मौ. आज़म ख़ान के साथ जिस तरह का अशोभनीय सुलूक किया जा रहा है, उससे उन्हें बेहद तकलीफ पहुंची है।


फाइल फोटो

सुफियान कुरैशी ने कहा कि राजनीतिक रंजिश (दुश्मनी) इस हद तक नहीं बढ़नी चाहिए कि किसी नेता के पूरे परिवार को जेल की सलाखों के पीछे धकेल दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज़म ख़ान ने जौहर यूनिवर्सिटी बनाकर गरीब और मजलूम तबके के हजारों बच्चों को इज्जत और शिक्षा देने का जो काम किया है, वह इतिहास में रोशन अक्षरों से लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज़म ख़ान जैसे गरीब परवर (गरीबों का ख्याल रखने वाले) नेता बरसों बाद पैदा होते हैं। जौहर यूनिवर्सिटी में सभी मज़हबों के छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो उनके नज़रिए और सोच का प्रमाण है। सुफियान कुरैशी ने दर्द भरे लहजे में कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि यह अंधेरी रात जल्द खत्म होगी और अदालत से आज़म ख़ान को ज़रूर इंसाफ मिलेगा। अदालत द्वारा सात साल की सजा दिए जाने और उनके जेल जाने पर उन्होंने गहरा अफसोस जताया। मालूम हो कि सुफियान कुरैशी, पूर्व राज्यपाल अज़ीज़ कुरैशी के भतीजे और उनके राजनीतिक वारिस माने जाते हैं। वह सपा को मजबूत करने के लिए लगातार सक्रिय हैं और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के क़रीबी भी समझे जाते हैं। सुफियान कुरैशी ने दावा किया कि आने वाला समय उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का होगा। इस दौरान कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# महान वीरांगना थी लक्ष्मीबाई, शिशु मंदिर में जयंती मनाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुरुषोत्तम शरण भानुप्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में लक्ष्मीबाई जयंती का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना के पश्चात स्टाफ द्वारा लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय की आचार्या निकेतन सिंह एवं मोनिका द्वारा कक्षा सप्तम की बहनों के माध्यम से लक्ष्मी बाई के जीवन को प्रकाशित करने वाली लघु नाटिका का प्रस्तुतिकरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने बताया कि हमें ऐसी वीरांगनाओं के जीवन से सीख लेनी चाहिए, क्योंकि भविष्य में हमें किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा, यह कोई नहीं जानता।



लक्ष्मी बाई जयंती मनाते हुए।

# पर्यावरण प्रेमी और शिक्षाविद् राजीव शर्मा दानी को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा, वृक्षारोपण एवं पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र की अलख जगाने वाले राजीव शर्मा दानी को कोतवाली ब्लॉक के जूनियर विद्यालय करौंदा चौधर की संकुल मासिक मीटिंग में मेडल एवं माला पहनाकर नोडल अधिकारी श्री लोकेश कुमार तथा शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। दानी ने शिक्षकों को क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त करने के उपाय पर विस्तृत चर्चा करते हुए वृक्षारोपण एवं नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।



# कांग्रेसजनों ने मरीज़ों को बांटे फल


रोगियों को फल वितरण करते कांग्रेसी।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ए.के मेमोरियल हॉस्पिटल में रोगियों की सेवा करते हुए फलों का वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. अब्दुल कादिर, जिला उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह दीवान, जिला महामंत्री डॉ. मौहम्मद अशरफ सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन, नगर उपाध्यक्ष आरिफ मिकरानी, सलमान मंसूरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चांदपुर में 5 दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ



**चांदपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में 5 दिवसीय द्वितीय बाबू कैलाशचन्द्र मित्तल एवं इक़बाल सिंह लोहिया मेमोरियल नार्थ जोन विवेक हॉकी टूर्नामेंट का आज शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच गोंडा व बिजनौर के बीच खेला गया। हिन्दू इंटर कालेज में शुरू हुए टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व विशिष्ट अतिथि अजान ग्रुप के चेयरमैन मौ. अतहर द्वारा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर गोविन्द मित्तल, आधारशिला स्कूल के प्रबंधक विवेक कर्णवाल, हेजलमून स्कूल के प्रबंधक अनिरुद्ध मित्तल, स्कूल की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल, एमएम इंटर कालेज के प्रबंधक मुमताज अहमद, प्रधानाचार्य मौ. ताहिर, हिन्दू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा, हनी तोमर, राहुल खन्ना तथा टूर्नामेंट आयोजकों में अफजल फारूकी, कमलेश यादव गुरूजी, सोसायटी के अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार, शर्मा, नफीस अहमद, नदीम जकी, रऊफ अहमद, मेहर आलम, रफीउल जमा अर्शी, सोभित शर्मा, निर्मल चौहान, राहुल बंसल, विकास गोयल, इमरान अहमद, राजेन्द्र सिंह लोहिया, कौशिक चन्द्रा, सन्नी लोहिया आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन इरफान मिर्जा ने किया।

# पुलिस ने बाहरी लोगों का सत्यापन अभियान चलाया
## सत्यापन न कराने वाले गृह स्वामियों पर जुर्माना लगाया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** एसएसपी पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में वृहद स्तर पर बाहरी लोगों का सत्यापन करने के निर्देश पर थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला संतोष पैथवाल द्वारा आठ अलग-अलग विशेष टीमों का गठन करके थाना क्षेत्र में वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस द्वारा बाहरी क्षेत्रों से आकर मोहनचट्टी, घुट्टूघाट, कुनाऊं,जोंक गांव ओर नीलकंठ क्षेत्र में बने रिजॉर्ट्स ओर मकानों में रहने वाले बाहरी लोगों को मौके पर ही खंगाला गया। इस दौरान पुलिस द्वारा मौके पर ही पहचान सुनिश्चित की गई, तथा जिनके द्वारा सत्यापन नहीं कराया गया था ऐसे रिजॉर्ट और मकान मालिकों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में करीब एक लाख सत्तर हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला संतोष पैथवाल ने स्थानीय लोगों से बताया कि आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से बाहरी क्षेत्रों से आये कामगार और किरायेदारों का सत्यापन आवश्यक है, जिससे बाहरी क्षेत्रों से आकर थाना क्षेत्र में रह रहे असामाजिक और अपराधिक पृष्ठभूमि के लोगो को पुलिस के द्वारा समय से चिन्हीकरण करते हुए कानूनी कार्यवाही की जा सके। वहीं थानाध्यक्ष ने यह भी बताया की जिन मकान मालिकों और रिजॉर्ट स्वामियों के द्वारा अपने यहां रह रहे किरायेदारों और कामगार का सत्यापन अभी तक नही कराया गया है वह जल्द ही थाना कार्यालय लक्ष्मणझूला में आकर सत्यापन करवा लें। सत्यापन अभियान में उप निरी. लक्ष्मण कुंवर, उत्तम रमोला, हेमकांत सेमवाल, राजेश असवाल, सुरेंद्र,मनोज अशोक तथा और भानु प्रताप तथा हेड का. नरेश पंवार, सुवर्धन, रविन्द्र भोज, महेंद्र रावत, देवेंद्र ओर राजीव, होमगार्ड राजेंद्र पंकज आदि मौजूद रहे। थाना क्षेत्र में सत्यापन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# राशन की दुकान के आटे की रोटी खाकर दम्पति बीमार



## कमिश्नर दीपक रावत ने मामले को गंभीरता से लिया

**नैनीताल ( चिंगारी )।** मंगलवार को सीमा खंड्डूजा, निवासी जजी कोर्ट हल्द्वानी द्वारा कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के हल्द्वानी स्थित कैम्प कार्यालय पंहुच कर उनके समक्ष एक शिकायत की गई जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि विगत दिनांक 4 नवंबर 2025 को उनके द्वारा नैनीताल रोड हल्द्वानी में स्थित एस.बी.आई. के पास संचालित लालता प्रसाद, बसन्त कुमार की राशन की दुकान से यह जानकर आटा क्रय किया कि वहां पर चक्की का पिसा हुआ आटा मिलता है। आटे को क्रय करने पश्चात वह अपने घर ले गई और उक्त आटे से बनी रोटियां उन्होंने स्वयं एवं उनके पति द्वारा भोजन में खाई गई तो उसके पश्चात उन दोनों के पेट में दर्द हुआ फिर इन्होंने ठीक होने के लिए कुछ दिन मात्र खिचड़ी का ही सेवन किया।

ततपश्चात दिनांक 12 नवंबर 2025 को खड्डूजा ने पुनः उक्त आटे को छाना तो उसमें बहुत सारे घुन और कीड़े निकले। इसके पश्चात खंड्डूजा द्वारा उपभोक्ता फोरम में भी वाद दायर किया गया। उक्त आटे का सैम्पल खंड्डूजा द्वारा मंगलवार को कुमाऊँ कमिश्नर के समक्ष लाकर उन्हें दिखाया गया। जिस पर कमिश्नर कुमाऊ दीपक रावत द्वारा आटे के उक्त सैम्पल को खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर हस्तगत किया गया, ताकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सके। इस दौरान राशन की दुकान के स्वामी द्वारा कमिश्नर कुमाऊँ को बताया कि उनकी चक्की खराब है अतः वह आंचल का चक्की वाला आटा बेच रहे हैं। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को कमिश्नर द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि आस-पास के सी.सी.टी.वी. फुटेज भी निकाल लें और उक्त राशन की दुकान में जाकर सैम्पल लेते हुए तत्काल उन्हें उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# मंजू रावत अंबेडकर नेशनल फैलोशिप अवार्ड से सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी के भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता स्थित कार्यालय में मंगलवार को आयोजित समारोह में बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दूखाता की सह-संस्थापिका मंजू रावत को डॉ. भीमराव अंबेडकर नेशनल फैलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें अकादमी के मण्डलीय अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य द्वारा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली की ओर से प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद पंत ने कहा कि मंजू रावत की बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय की स्थापना व जनजाति के बच्चों को स्कूल से जोड़ने में सराहनीय योगदान रहा है। इसलिए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। मौके पर अकादमी के अन्य सदस्यों ने मंजू रावत को शुभकामनांए प्रेषित की। इस अवसर पर नेत्र सिंह रावत, विनय किशोर रावत, डॉ. शीलसौरभ रावत, बृजेन्द्र नेगी, पीताम्बर सिंह राणा, मनमोहन सिंह रावत, किशन सिंह रावत व गोविंद सिंह रावत आदि मौजूद रहे ।

## अग्रसेन जयंती समारोह 12 से 14 दिसम्बर तक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से महाराजा अग्रसेन वार्षिक जयंती समारोह 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित समारोह किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए महामंत्री नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने सभा के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## संगठन के कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी - नौटियाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाजपा कोटद्वार के जिला उपाध्यक्ष व नगर मंडल प्रभारी संजय गौड़ ने जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि हमें संगठन के कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही अंतिम पंक्ति पर खड़े कार्यकर्ताओं की भी चिंता करनी होगी। हमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की जानकारी सभी लोगों तक पहुंचानी होगी। पार्टी को सशक्त बनाना ही सबका उद्देश्य होना चाहिए। बैठक में नगर उपाध्यक्ष अमिताभ अग्रवाल, लक्ष्मी नेगी, रजनी बिष्ट, अरविंद बनियाल, आशीष सतीजा और प्रीति कुलाश्री सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बिना अनुमति अब सड़क की कटिंग नहीं होगी - डीएम



डीएम स्वाति एस. भदौरिया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने मंगलवार को पौड़ी स्थित एनआईसी कक्ष में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर विकास एजेंसी के अधिकारियों के साथ कोटद्वार नगर क्षेत्र में पेयजल लाइन को लेकर लोगों की समस्याओं को देखते हुए समीक्षा बैठक की। उन्होंने पेयजल लाइन हेतु खोदे गए मार्गों के मरम्मत कार्यों की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को जल-दाब परीक्षण शीघ्र पूरा कर तत्काल स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मौके पर उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे कार्यों हेतु सड़क कटिंग की अनुमति अब खंडवार दी जाएगी तथा नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम को निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने या खुदाई के पश्चात जिन स्थानों पर सड़क मरम्मत शेष है, वहां तत्काल मरम्मत की जाए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए, जो पेयजल लाइन हेतु सड़क कटिंग की अनुमति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब बिना अनुमति के सड़क कटिंग नहीं होगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर स्थायी मरम्मत हो चुकी है, वहां के पटवारी स्थल निरीक्षण कर स्थिति का प्रतिवेदन भेजेंगे। उन्होंने कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, सहायक नगर आयुक्त अजय इष्टवाल, उत्तराखंड अर्बन सेक्टर विकास एजेंसी के मैनेजर जतिन सिंह सैनी व सहायक अभियंता सुमित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को उनकी जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य आंदोलनकारी नंदलाल धनगर ने प्रदेश सरकार से दिव्यांगों को बैशाखी, स्टिक व व्हील चेयर जैसी उनके जरूरत की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। कहा कि कई बार विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाने के बाद भी कई दिव्यांग इससे महरूम रह गये हैं। इस संबंध में मंगलवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि सरकार की ओर से अनेकों बार दिव्यांगों की सहायता के लिए कैंपों का आयोजन किया जाता है, लेकिन जानकारी के अभाव में कई दिव्यांग कैंपों का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सरकार को दिव्यांगों का घर-घर जाकर पंजीकरण कर उन्हें उनकी आवश्यकता की सामग्री उपलब्ध करानी चाहिए ताकि वे खुद को समाज की मुख्यधारा से अलग महसूस न करें।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अपराध करने की जुर्रत की तो ख़ैर नहीं- मुख्यमंत्री योगी



**गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध को कतई स्वीकार नहीं करता है और यदि किसी ने यहां अपराध करने की जुर्रत की तो उसे हर हाल में उसकी कीमत भी चुकानी होगी। श्री योगी ने मंगलवार को क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करने के बाद कहा कि वह दौर खत्म हो गया, जब पीड़ित तड़पता, भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे और अब प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स विधि विज्ञान प्रयोगशाला के जरिए इसके प्रमाणन की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जांच और आधुनिक फोरेंसिक साइंस लैब्स के जरिए ऐसी व्यवस्था विकसित हुई है कि अपराधी अब बच नहीं सकते। सटीक, त्वरित और पारदर्शी जांच के कारण पीड़ित को सहज, सुगम और समयबद्ध न्याय उपलब्ध हो रहा है। आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने फॉरेंसिक जांच की अत्याधुनिक सौगात के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थे। सरकार बनने के बाद उन्होंने यह तय किया कि हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंस लैब होनी चाहिए। इससे आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। छह लैब निर्माणाधीन हैं। जल्द ही सभी कमिश्नरी में फॉरेंसिक साइंस लैब होंगे।









## मोदी की प्रेरणा से नन्हे कवियों को मिलेगा बड़ा मंच

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी नगर निगम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से काशी सांसद बाल कवि सम्मेलन-2025 का भव्य आयोजन करने जा रहा है। निगम गौरवशाली इतिहास, साहित्य और संस्कृति के लिए विश्वविख्यात काशी अब नन्हे साहित्यकारों को भी बड़ा मंच देने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की काव्य प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह आयोजन दो आयु वर्गों में होगा। ग्रुप-1 कक्षा छह से आठ तक, ग्रुप-2 कक्षा नौ से 12 तक के बच्चे शामिल होंगे। तीन चरणों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर 26 से 28 नवंबर 2025, ब्लॉक एवं जोनल स्तर पर एक से तीन दिसंबर 2025 जिला स्तरीय ग्रैंड फिनाले पांच और छह दिसंबर को होगा। ग्रैंड फिनाले में प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये नकद होगा। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता की विशेष थीम हैं, अविनाशी काशी, संवर्ती काशी, देशभक्ति, मां गंगा और महादेव।